पुरुषोत्तमपुरा बाग में कार्यक्रम 5 को

कुरुक्षेत्र/दुग्गल : हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की तरफ से 5 दिसंबर को ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में प्रदेश भर के रामलीला एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा विभाग की तरफ से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी जाएगी। यह कार्यक्रम 5 दिसंबर को सुबह 10 बजे शुरू होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 8 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी के अध्यक्ष उपायुक्त होंगे। इस कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों की ड्यूटियां लगा दी गई हैं।

"पहली बार देश का ऐसा कोई प्रधानमंत्री है, जिसने भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया" : अनिल विज

गृह मंत्री विज ने अंबाला के गांव खतौली में विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया शुभारम्भ

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

चंडीगढ/धरणी

हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि पहली बार देश का ऐसा कोई प्रधानमंत्री है, जिसने भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने उम्मीद करते हुए कहा कि वर्ष 2047 में जब देश को आजाद हुए 100 वर्ष हो जाएंगे तो भारत देश भी विकसित राष्ट्र की सूची में शामिल होगा। इसके लिये हम सबको मिलकर कार्य करना होगा। गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री आज अंबाला के गांव खतौली में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारम्भ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, भाजपा जिला प्रधान राजेश बतौरा, उपायुक्त डा. शालीन, पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा, अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता, केन्द्र सरकार से सचिव जितेन्द्र अहलावत भी मौजूद रहे। गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने इस मौके पर उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई।

विज ने कहा कि इस भूमंडल पर तीन तरह के राष्ट्र हैं, जिनमें एक अविकसित राष्ट्र है, जिसमें किसी प्रकार का कोई काम नहीं हुआ है, दूसरा विकासशील देश जैसे हमारा भारत देश है, जो निरंतर विकास कर रहा है और तीसरा विकसित देश हैं, जिनमें सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं, ऐसे 37 देश हैं। हमें उन 37 देशों की श्रेणी में शामिल होने के लिये संकल्प लेकर अपने राष्ट्र को भी विकसित राष्ट्र बनाना है। कोई भी कार्य लोगों के सहयोग के बिना पूरा नही होता, इसलिये हम सबको मिलकर अपने भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करना है।

कार्यक्रम के दौरान जिला सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग अम्बाला की भजन मंडली ने गीतों व भजनों के माध्यम से सरकारी की योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

इस मौके पर जिन लोगों को योजनाओं का लाभ मिला है, चाहे उसमें आयुष्मान कार्ड, कृषि विभाग से सम्बन्धित योजना का किसी किसान को लाभ मिला है, या स्वास्थ्य विभाग से जिस योजना का लाभ मिला है, उन लाभार्थियों ने योजना का लाभ मिलने का अनुभव सांझा करते हुए सरकार का आभार भी व्यक्त किया।

बारिश से जन-जीवन अस्त व्यस्त, जगह-जगह जलभराव

कुरुक्षेत्र/दुग्गल : बारिश के बाद सर्दी के मौसम ने पूरी तरह से दस्तक दे दी है। वीरवार को सर्दी के कारण लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए। इसके साथ ही गर्म कपड़ों की दुकानों पर खरीदारों की अच्छी भीड़ लगी थी। लोगों ने गर्म व ऊनी वस्त्रों की जमकर खरीद की। वीरवार को पूरा दिन आसमान में बाछल छाए रहे। दोपहर को लगभग एक घंटा तक झमाझम बारिश हुई जिससे मौसम में ठंड बढ़ गई है। दोपहर करीब एक बजे आसमान में काले बादल छा गए और दिन में ही अंधेरा हो गया। 2 बजे शुरू हुई बरसात 3 बजे तक झमाझम चली। इसके बाद थोड़ी-थोड़ी बूंदाबांदी होती रही। जिले में न्यूनतम तापमान करीब 14 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया। सर्दी से बचने के लिए लोग गर्म कपड़ों में लिपटकर सड़कों पर निकले। इसके साथ ही गर्म कपड़ों की दुकानों पर सुबह से ही भीड़ जुटना शुरू हो गई थी। लोगों ने खास तौर पर मेन बाजार में गर्म कपड़ों की जमकर खरीदारी की।

एडिड कॉलेजों के निजीकरण से उच्च शिक्षा हो जाएगी गरीबों की पहुंच से बाहर : राजेश वैध

करनाल/डा. हरीश चावला : हरियाणा लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य व पीसीसी डेलीगेट प्रो. राजेश वैध ने कहा है कि प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में शैक्षणिक स्टाफ के 60 प्रतिशत से अधिक पद खाली पड़े हैं। इन सभी को नियमित भर्ती से भरने की बजाए कुछ पदों को ठेके से भर्ती कर भरने की प्लानिंग की जा रही है, जबकि कुछ पदों पर एडिड कॉलेजों में तैनात नियमित स्टाफ को समायोजित करने की तैयारी है। राजेश वैध आज गांव जाम्बा में बलराज वैध व सावन द्वारा आयोजित एक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। वैध ने कहा की भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार यह सब सरकारी कॉलेजों में सहायक प्रोफेसर की भर्ती बंद करने के षड्यंत्र के तहत कर रही है। प्रदेश में साल 2019 में सिर्फ 524 पदों पर कुछ ही विषयों में आखिरी बार सहायक प्रोफैसर की भर्ती की गई थी। आधे से अधिक विषय ऐसे बचे हैं, जिनकी वैकेंसी 2016 के बाद से ही नहीं आई हैं। सरकारी कॉलेजों में सहायक प्रोफैसर के 8137 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 4738 पद रिक्त हैं। उन्होंने कहा कि निदेशक उच्चतर शिक्षा ने 1535 रिक्त पदों को भरने के लिए 2 सितंबर 2022 को आग्रह पत्र एचपीएससी को भेजा, लेकिन यूजीसी की गाइडलाइन में संशोधन का हवाला देकर भर्ती को वापिस मंगवा लिया।

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय** : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एससीओ 132 133 134, सेक्टर-9सी, मध्य मार्ग, चंडीगढ़- 160017

सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी

[नियम 8 (6) का परंतुक देखें]

चल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत चल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्ज़दार(रों) और गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित चल सम्पत्ति, जिसका **भौतिक कब्जा** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, " जैसी है जहाँ है ", " जैसी है जो भी है " तथा " जो भी वहाँ है " आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी :

क्र. सं.	कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों के नाम/ ऋण खाता संख्या	प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है	बकाया राशि (रु. में)	सुरक्षित मूल्य धरोहर राशि जमा	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	ई-नीलामी की तिथि एवं समय
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(ङ)	(च)	(छ)
1.	पंकज बुद्धिराजा (आवेदक)/ ऋण खाता संख्या LAAMB00039101342	मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड मारुति स्विफ्ट डिजायर वीडीआई निर्माण का वर्ष : 2019 पंजीकरण संख्या: HR01AT4260	रु. 6,44,372/- (नवंबर 23, 2023 तक)	रु. 4,00,000/- / रु. 25,000/-	दिसंबर 16, 2023 सु. 11:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक	जनवरी 09, 2024 को सु. 11:00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेन्सी **कारदेखो** की वेबसाइट **(URL Link - https://auctions.cardekho.com/#/)** पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती **जनवरी 08, 2024** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अन्तिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/इन प्रत्याभूत आस्ति/यों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एससीओ 132 133 134, सेक्टर- 9सी, मध्य मार्ग, चंडीगढ़- 160017** या हमारी मार्केटिंग **एजेंट कारदेखो - कॉमैट एमार डिजिटल ग्रीन्स 11वीं मंजिल, टॉवर-बी, सेक्टर- 61 (सोहाना रोड), बहारणपुर नया, गुड़गाँव- 122102** और उसके बाद उन्हें केवल उपर्युक्त वेबसाइट के माध्यम से अपना प्रस्ताव दिनांक **जनवरी 08, 2024** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना होगा। मार्केटिंग एजेन्सी को नीलामी के सम्यक संचालक के लिए नीलामकर्ता के रूप में भी अनुबंधित किया गया है। बयाना राशि का डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में एवं **चंडीगढ़** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन एवं शर्तों या निविदा जमा कराने के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के मोबाइल नम्बर **8584874809/ 8355859934** या **कारदेखो 9555754225** पर सम्पर्क करें।

निविदाएँ केवल बैंक/ई-नीलामी विक्रेता पदाधिकारी द्वारा अन्तिम तिथि एवं कट-ऑफ समय से पूर्व, पूर्ण विवरण के साथ प्राप्त एवं पंजीकृत की गई निविदाएँ ही नीलामी हेतु मान्य होंगी।

प्राधिकृत अधिकारी के पास सर्वाधिकार सुरक्षित है, वह बगैर कोई कारण बताए किसी भी बोली या समस्त बोलियों को अस्वीकार कर सकता है।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु कृपया **www.icicibank.com/n4p4s** सम्पर्क करें।

तिथि : दिसंबर 01, 2023
स्थान : अंबाला

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

राज्यमंत्री संदीप सिंह की धर्मपत्नी ने समागम के लिए किया आमंत्रित

- राज्यमंत्री संदीप सिंह की धर्मपत्नी हरजिंदर कौर निमंत्रण देते हुए।

पिहोवा/विनायक दत्त शर्मा

पांच दिसंबर को अनाज मंडी में होने वाले विशाल संत समागम में दूर दराज से हजारों संत महात्मा एवं संगत शिरकत करेगी।

समागम में महिलाओं की अधिक से अधिक भागेदारी सुनिश्चित करने को लेकर राज्यमंत्री संदीप सिंह की पत्नी व पूर्व हॉकी खिलाड़ी हरजिंदर कौर ने हलके में विभिन्न स्थानों का दौरा कर आमजन को समागम में भाग लेने का न्यौता दिया।

हरजिंदर कौर ने कहा कि अनाज मंडी में होने वाला संत समागम इस दृष्टि से भी ऐतिहासिक होगा कि ऐसे आयोजनों से हमारी युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जुड़ने का मौका मिलेगा व युवा नशे से दूर रहकर गुरुचरणों की सेवा से भी जुड़ सकेगें।

उन्होंने कहा कि संत समागम धर्म से विमुख होती जा रही युवा पीढ़ी को प्रेरणा देने का काम भी करेगा। समागम में विभिन्न रागी ढाडी जत्थे संगत को गुरबाणी से निहाल करेंगे। इस मौके पर भाजपा लीगल सेल प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अक्षय नंदा, पार्षद मनिंदर कौर, पार्षद प्रतिनिधि जस्सी मान, शिंगारा मान, परमजीत सैनी, रमेश वर्मा, माया राम सैनी, नपा प्रधान आशीष चक्रपाणि व उनकी धर्मपत्नी नीलिमा चक्रपाणि सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रही।

इंग्लैंड में रह रहे दंपती ने विद्यालय को सहयोग राशि दान की

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

यमुनानगर/ मेहता

राजकीय माध्यमिक विद्यालय किशनपुरा में इंग्लैंड में रह रहे ग्राम किशनपुरा के निवासी चन्द्रशेखर आहलुवालिया अपनी पत्नी साधना आहलुवालिया के साथ विद्यालय में पहुंचे। चन्द्रशेखर आहलवालिया का स्वागत विद्यालय स्टाफ द्वारा एक भव्य कार्यक्रम के तहत किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप सरपंच प्रतिनिधि सचिन वालिया और समाज सेवी रमेश आर्य भी पहुंचे। मुख्य अध्यापक संदीप गुप्ता ने स्वागत भाषण के माध्यम से आये हुए अतिथियों का स्वागत किया तथा विद्यालय में हो रहे विकास कार्यों के बारे में सभी को अवगत कराया। मौके पर सरपंच प्रतिनिधि सचिन वालिया ने विद्यालय के स्टाफ और बच्चों की तारीफ करते हुए कहा कि राजकीय माध्यमिक विद्यालय किशनपुरा दिन प्रतिदिन विभिन्न शैक्षिक और अन्य गतिविधियों में नए आयाम स्थापित कर रहा है। इस मौके पर मुख्य अतिथि चन्द्र शेखर ने ग्राम किशनपुरा में बिताई अपनी बचपन की स्मृतियों को याद किया। उन्होंने विद्यालय में हो रहे विकास कार्यों की हृदय से प्रसंशा की तथा अपने पौत्र के जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय विकास हेतू विद्यालय को 31000 की सहयोग राशि दान की।

योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सार्थक होगी विकसित भारत यात्रा : रणजीत सिंह

सिरसा/तिवाड़ी : बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर से झारखंड के आदिवासी क्षेत्र से विकसित भारत-जनसंवाद यात्रा का शुभारंभ किया था। यात्रा के माध्यम से प्रत्येक गांव तक योजनाओं का लाभ व उनकी विस्तृत जानकारी पहुंचाई जाएगी। यह यात्रा लोगों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के साथ प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपने का साकार करने में सार्थक सिद्ध होगी। बिजली मंत्री वीरवार को बडागुढा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कायक्रम में आमजन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी 26 जनवरी तक जिला के प्रत्येक गांव में यह रथ पहुंचेगा। इस दौरान जहां लोगों को केंद्र व प्रदेश की योजनाओं की जानकारी मिलेगी, वहीं मौके पर पात्र व्यक्तियों का विभिन्न योजनाओं के लिए पंजीकरण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जिस परिवार की आय 1.80 लाख रुपये से कम है, उन्हें आयुष्मान भारत व चिरायु योजना के तहत पांच लाख रुपये तक का नि:शुल्क इलाज की सुविधा दी जा रही है। इस दौरान बिजली मंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के संबोधन का लाइव प्रसारण दिखाया गया तथा प्रदेश व केंद्र सरकार की योजनाओं पर आधारित लघु फिल्म भी उपस्थित लोगों को दिखाई गई।

जेपी दलाल पर महिलाओं व किसानों के बारे गलत शब्दावली का लगाया आरोप

पिहोवा/विनायक दत्त शर्मा

कृषि मंत्री जेपी दलाल के खिलाफ जारी प्रैस नोट में कहा कि मंत्री द्वारा किसानों व महिलाओं बारे दिए गए आपत्तिजनक बयान के बाद प्रदेश भर के किसानों में रोष पनप गया है। पिहोवा किसान विश्राम गृह में भारतीय किसान यूनियन(चढूनी) की एक बैठक ब्लॉक प्रधान जोगिंद्र काजल की अध्यक्षता में हुई जिसमें कृषि मंत्री द्वारा दिए गए बयान की निंदा की गई। काजल ने कहा कि कृषि मंत्री जेपी दलाल ने किसानों व उनकी बहन बेटियों के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया है जो उनकी ओछी मानसिकता और महिलाओं के प्रति उनकी सोच को दर्शाता है। युवा प्रधान सुखविंद्र मुकीमपुरा ने कहा कि कृषि मंत्री को तुरंत अपने दिए गए बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए अन्यथा कृषि मंत्री का पिहोवा आने पर भारी विरोध किया जाएगा व पिहोवा में घुसने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिला आयोग को भी इस पर संज्ञान लेना चाहिए और तुरंत नोटिस देकर कृषि मंत्री को तलब करना चाहिए। भाकियू(चढूनी) के प्रदेश प्रवक्ता प्रिंस वड़ैच ने कहा कि इस बयान से हरियाणा सरकार व कृषि मंत्री जेपी दलाल की किसानों व महिलाओं के प्रति मानसिकता उजागर हो गई है कि यह लोग किसान समाज के प्रति दिल में कितनी नफरत बनाए हुए हैं और आने वाले चुनाव में किसान ऐसे किसान विरोधी व समाज विरोधी नेताओं को वोट की चोट से सबक सिखाने का काम करेंगे और पिछली बार की तरह भाजपा के मंत्रियों तक की जमानत जब्त होगी।

- किसान विश्राम गृह में एकत्रित किसान।

ICICI Home Finance | **कॉर्पोरेट कार्यालय:** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया

शाखा कार्यालय: प्रथम मंजिल, एससीओ नं. 89, सेक्टर-16, शॉपिंग सेंटर ऑफ अर्बन एस्टेट, फरीदाबाद-121002
शाखा कार्यालय: सिटी स्क्वायर, प्रथम मंजिल, प्लॉट नं. 932/935, सामने आईबी कॉलेज, जी.टी. रोड, पानीपत-132103
शाखा कार्यालय: एससीओ नं. 121, सैक्टर 17, प्रथम मंजिल, कमर्शियल बेल्ट, जगाधरी रोड, यमुनानगर-135003
शाखा कार्यालय: प्रथम मंजिल, नं. 159/20, सुधा कॉम्पलैक्स, एटल्स रोड, नजदीक सुभाष चौक, सोनीपत-131001
शाखा कार्यालय: द्वितीय मंजिल, एसएफ-3 एवं 4, सामने वोडाफोन ऑफिस, सेंट्रल मॉल 32, माल रोड, अमृतसर (पंजाब) 143001
शाखा कार्यालय: प्लॉट नं. 45-46, प्रथम मंजिल, सत करतार कॉम्पलैक्स, 45, वजीर चंद कालोनी, सामने मुगल कनाल फाउंटेन चौक, करनाल-132001

(नियम 8 (6) का परंतुक देखें)

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतू सूचना

सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) की शर्तों के साथ सुरक्षाहित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूतिकरण और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सूचना।

एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना हेतू और ऋणदाता(ों) और ग्रांटर(ों) के विवरणों में सूचित किया जाता है कि निम्न निर्धारित अचल सम्पत्ति बंधक/चार्जड सिक्योरड क्रैडिटर, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा **प्रतीकात्मक** 'जैसे है जहां है', 'जैसे है क्या है' और 'जो भी है वहां है' के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

क्र. सं.	ऋणदाता (ों)/सह ऋणदाताओं/ ग्रांटरों/कानूनी वारिसों के नाम ऋण खाता नं.	सुरक्षित सम्पत्ति(ों) के साथ ऋणभार का विवरण यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित कीमत जमा धरोहर राशि	जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय	निलामी की तिथि एवं समय
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(ङ)	(च)	(छ)
1.	संजीव कक्कड़ (ऋणदाता) ऊषा कक्कड़ (सह-ऋणदाता) Loan A/c No. NHNOD00000802530	मकान नं. डी-3 नैइबर हुड नं. 1, नेहरू ग्राउंड न्यू टाऊन शिप, एनआईटी, फरीदाबाद, फरीदाबाद-121004	रु. 1,72,42,878/- 20, नवम्बर 2023	रु. 83,91,600/- / रु. 8,39,160/-	11 दिसंबर 2023 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	19 दिसंबर 2023 को सायं 02:00 बजे से सायं 03.00 बजे तक
2.	मुनीश शर्मा (ऋणदाता) दिनेश (सह-ऋणदाता) Loan A/c No. LHPNP00001275711 & LHPNP00001275712	खतौनी नं. 618 खसरा नं. 349 (0-5) गांव काबरी तहसील जिला खेवट नं. 532 पानीपत-132020 हरियाणा-132020	रु. 18,41,438/- 20, नवम्बर 2023	रु. 21,36,112/- / रु. 2,13,620/-	11 दिसंबर 2023 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	19 दिसंबर 2023 को सायं 02:00 बजे से सायं 03.00 बजे तक
3.	प्रदीप कुमार शर्मा (ऋणदाता) किरण बाला शर्मा (सह-ऋणदाता) Loan A/c No. LHYGR00001299060 & LHYGR00001299173	मकान नं. सी 7/108 पीपीआईडी/यूआईडी 184सी197यू34 वाका गांधी धाम कालोनी तहसील जगाधरी यमुनानगर-135001	रु. 71,61,853/- 20, नवम्बर 2023	रु. 69,62,115/- / रु. 6,96,220/-	11 दिसंबर 2023 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	19 दिसंबर 2023 को सायं 02:00 बजे से सायं 03.00 बजे तक
4.	विकास (ऋणदाता) संतोष (सह-ऋणदाता) मूर्ति (सह-ऋणदाता) Loan A/c No. LHPNP00001326571	पार्ट ऑफ खेवट नं. 330 निर्माणधीन रिहायशी मकान सम्पत्ति खता नं. 574 मुरब्बा नं. 60 किला नं. 14/1/2 (3-16) जींद-126102	रु. 10,07,822/- 20, नवम्बर 2023	रु. 24,48,603/- / रु. 2,44,870/-	11 दिसंबर 2023 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	19 दिसंबर 2023 को सायं 02:00 बजे से सायं 03.00 बजे तक
5.	विनोद कुमार(ऋणदाता) आशा देवी (सह-ऋणदाता)Loan A/c No. LHSNP00001350560 & LHSNP00001351138	एनए खेवट नं. 4373 खाता नं. 4948 किला नं. 253 14 1 2 14 2 2 रकबा 6 कनाल 16 वार्ड नं. 22 गांधी नगर नजदीक गीता स्कूल गोहाणा सोनीपत हरियाणा एनए सोनीपत-131001	रु. 11,23,653/- 20, नवम्बर 2023	रु. 18,32,866/- / रु. 1,83,290/-	11 दिसंबर 2023 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	19 दिसंबर 2023 को सायं 02:00 बजे से सायं 03.00 बजे तक
6.	संदीप कुमार (ऋणदाता) सोनिया सानन (सह-ऋणदाता) Loan A/c No. LHBAT00001315643	वाकिया मोहल्ला गोबिंदगढ़ पिन कोड 143506 एच नं. बी-1-106 बटाला-143505	रु. 11,14,684/- 20, नवम्बर 2023	रु. 9,53,629/- / रु. 95,370/-	11 दिसंबर 2023 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	19 दिसंबर 2023 को सायं 02:00 बजे से सायं 03.00 बजे तक
7.	धर्म प्रकाश (ऋणदाता) कृष्णा देवी (सह-ऋणदाता) नवीन (सह-ऋणदाता) प्रवीन कुमार (सह-ऋणदाता) Loan A/c No. LHPNP00001349172 & LHPNP00001349551	एनए खाता नं. 292/342 किला नं. 14/2 (5-19) 14/3 (1-4) वाका समालखा मनाना रोड समालखा एनए पानीपत-132103	रु. 7,67,919/- 20, नवम्बर 2023	रु. 8,69,940/- / रु. 87,000/-	11 दिसंबर 2023 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	19 दिसंबर 2023 को सायं 02:00 बजे से सायं 03.00 बजे तक
8.	जगबीर सिंह (ऋणदाता) मंजीत कौर (सह-ऋणदाता) Loan A/c No. LHYGR00001281865 & LHYGR00001282124	सम्पत्ति आईडी नं. 86सी40यू31 वाका गली रोशन शाह हनुमान गेट अगाधरी तहसील जगाधरी यमुनानगर-135001	रु. 34,27,725/- 20, नवम्बर 2023	रु. 32,10,516/- / रु. 3,21,060/-	11 दिसंबर 2023 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	19 दिसंबर 2023 को सायं 02:00 बजे से सायं 03.00 बजे तक
9.	सुनील कुमार (ऋणदाता) मोनिका भल्ला (सह-ऋणदाता) Loan A/c No. NHASS0000 1268931	खेवट नं. 1768 मुरब्बा नं. 309 किला नं. 17/1 (5-0) वाका रकबा गांव असंध कस्तूर सिंह कालोनी नजदीक बस स्टैंड वार्ड नं. 15 करनाल-132001	रु. 23,60,002/- 20, नवम्बर 2023	रु. 17,82,915/- / रु. 1,78,300/-	11 दिसंबर 2023 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	19 दिसंबर 2023 को सायं 02:00 बजे से सायं 03.00 बजे तक
10.	शालू (ऋणदाता) राम कुमार (सह-ऋणदाता) Loan A/c No. LHYGR00001300535 & LHYGR00001300279	पीपीआईडी नं. 172सी188यू 293 वाका रकबा मौजा तेजली माजरा मोसुमा द्वारकापुरी कालोनी जगाधरी अंडर एमसी प्लाट नं. 1024/14-बी यमुनानगर-135001	रु. 33,45,754/- 20, नवम्बर 2023	रु. 21,94,380/- / रु. 2,19,440/-	11 दिसंबर 2023 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	19 दिसंबर 2023 को सायं 02:00 बजे से सायं 03.00 बजे तक
11.	राज कुमार (ऋणदाता) राम गोपाल (सह-ऋणदाता) Loan A/c No. NHSAF00000884777	प्लाट नं. 90 सम्पत्ति नं. 90 वार्ड नं. 9 खातीवाला मोहल्ला सफीदों जिला जींद 126102 90 जींद-126102	रु. 16,07,645/- 20, नवम्बर 2023	रु. 50,82,107/- / रु. 5,08,220/-	11 दिसंबर 2023 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	19 दिसंबर 2023 को सायं 02:00 बजे से सायं 03.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टैक** की वेबसाइट **(यूआरएल लिंक- https://BestAuctionDeal.com)** पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों को नोटिस **18 दिसंबर, 2023 तक सायं 5.00 बजे** से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, एससीओ नं. 89, सेक्टर-16, शॉपिंग सेंटर ऑफ अर्बन एस्टेट, फरीदाबाद-121002** में बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) **या 18 दिसंबर 2023 सांय 4:00 बजे** से पहले जमा करना होगा। संभावित बोलीदाता(ों) पंजीकरण फार्मों और बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, एससीओ नं. 89, सेक्टर-16, शॉपिंग सेंटर ऑफ अर्बन एस्टेट, फरीदाबाद-121002** में या **18 दिसंबर, 2023 को सायं 05.00 बजे से** पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) एक राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी'** के पक्ष में **फरीदाबाद, पानीपत, यमुनानगर, जींद, सोनीपत, सफीदों, करनाल** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 022-69974300** या अन्य **सेल्ज एंड मार्केटिंग पार्टनर NexXen Solutions Private Limited** से संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें **https://www.icicihfc.com/**

तिथि: दिसंबर 01, 2023
स्थान: फरीदाबाद, पानीपत, यमुनानगर, जींद, सोनीपत, बटाला, करनाल

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

अनुशासन में रहने व ईमानदारी का गुण प्रदान करते हैं खेल : ले. बिक्रमजीत

खेल महोत्सव का ध्वजारोहण करके किया शुभारंभ

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

शाहाबाद/उत्तम हिन्दू न्यूज

हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के उपप्रधान लैफ्टिनेंट बिक्रमजीत सिंह ने कहा कि खेल, खिलाड़ियों को जहां संघर्ष करने के लिए प्रेरित करते हैं, वहीं उन्हें अनुशासन में रहने, ईमानदारी से खेलने व नेतृत्व का गुण भी प्रदान करते हैं। वह गुरुवार को सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल शाहाबाद के प्रांगण में 27वें वार्षिक खेल महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर रहें थे। उन्होंने कहा कि खेलों से प्रेरणा लेकर व्यक्ति जीवन मे अपनी मुश्किलों पर फ़तेह हासिल कर सकता हैं इसलिए हमें खेल को हमेशा ईमानदारी और निष्ठा से खेलना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि खेल में एक खिलाड़ी की जीत, तो दूसरे की हार निश्चित है इसलिए हारने पर दुखी होने की बजाए, हमें जीत के लिए और मेहनत करनी चाहिए। इससे पहले खेल महोत्सव का शुभारंभ मुख्यातिथि लै. बिक्रमजीत सिंह ने ध्वजारोहण कर किया। प्राचार्य डा. आर.एस.घुम्मन ने मुख्यातिथि व अन्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया।

- खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथिगण।

खेलकूद उत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में झण्डे लेकर मार्च पास्ट किया और अनुशासन में रह कर खेलने का संकल्प लिया। इस दौरान मुख्यातिथि ने मार्